हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 24 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर दुनिया को मंदी से उबारने की स्थिति में है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

*रिफार्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चल रहा भारत आज उस स्थिति में है कि वह दुनिया को धीमी ग्रोथ से बाहर निकाल सकता है। हम बहती तेज धारा को मोड़ने वाले लोग हैं और जैसा मैंने लालकिले से कहा था कि भारत समय को भी मोड़ देने का सामर्थ्य लेकर चल रहा है।*

श्री मोदी ने कहा कि वस्तु और सेवाकर - जी. एस. टी. के अगली पीढ़ी के सुधार की प्रक्रिया दीपावली से पहले पूरी हो जाएगी। इससे देश में सभी वस्तुओं के मूल्यों में कमी होगी। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से स्वच्छ ऊर्जा, क्वांटम प्रौद्योगिकी, बैटरी भंडारण, उन्नत सामग्री और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी इस टी में अगली पीढ़ी के सुधारों से व्यापार करने में सुगमता होगी।

*नेक्सट जेनरेशन रिफॉर्मस के लिए इसके इस आर्सनल से भारत में मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ेगी, मार्केट में डिमांड बढ़ेगी, इंडस्ट्रीज को नई एनर्जी मिलेगी, एम्प्लायमेंट के नये अवसर बनेंगे और इज ऑफ लिविंग, इज ऑफ डूइंग बिजनेस दोनों इंप्रूव होंगे।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का आधार एक आत्मनिर्भर भारत है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने अपना पूरा फाइव-जी प्रक्रिया घरेलू स्तर पर विकसित कर ली है और देश तेज़ी से मेड-इन-इंडिया सिक्स-जी तकनीक पर काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।
*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला सिरसा की 137 गौशालाओं को 9 करोड़ 83 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि के चेक प्रदान किए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह से पूरे प्रदेश की 605 गौशालाओं के लिए कुल 88 करोड़ 50 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की गई है।

मुख्यमंत्री सिरसा शहर स्थित श्री गौशाला में आयोजित गौशालाओं को चारा अनुदान राशि वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 21 लाख रुपये, कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा व लोक निर्माण मंत्री ने गौशाला को 11-11 लाख रुपये का अनुदान देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार पंजीकृत गौशालाओं को पिछले साढ़े दस वर्षों में चारे के लिए 270 करोड़ रुपये का अनुदान दे चुकी है। आज की राशि को मिलाकर अब तक 358 करोड़ 50 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि दी जा चुकी है।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे घर में गाय अवश्य पालें और गाय के गोबर से बनी खाद का खेती में इस्तेमाल करें, इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति में बढ़ोत्तरी होगी और हमें जैविक अनाज मिलेगा।
*************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अम्बाला जिला के नारायणगढ़ खंड में एक विशेष समारोह में पांच गौशालाओं को लगभग 34 लाख रुपये के चेक वितरित किए।

श्री राणा ने बताया कि नारायणगढ़ खंड की पांच गौशालाओं को चारे और अन्य सुविधाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इनमें से नारायणगढ़ की

श्री कृष्ण गौशाला को 20 लाख 76 हजार 750 रुपये, राजपुरा की महादेव गौशाला, राजपुरा को 14 लाख 35 हज़ारवी550 रुपये, बापौली की श्री अंबाला बिहार ट्रस्ट को 11 लाख 34,000 रुपये, तंगैली की तंगा महर्षि गौशाला को 6 लाख 83 हज़ार एक सौ रुपये, और शहजादपुर में श्री प्रचीन गौ नाथ टेम्पल को 3 लाख 85 हजार 650 रुपये दिए गए हैं। कुल मिलाकर इन गौशालाओं को 33 लाख 94 हजार 50 रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिससे लगभग 2 हजार 67 मवेशियों और गायों की देखभाल के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गौ संरक्षण और गौशालाओं के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है।

श्री राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गौ माता को संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग मानते हुए उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए बड़े कदम उठाए हैं। पिछले 10 वर्षों में गौशालाओं के लिए बजट को 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 595 करोड़ रुपये किया गया है, जो गौ संरक्षण के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाता है।

मंत्री ने गौशाला प्रबंधकों से अपील की कि वे इन धनराशि का उपयोग पारदर्शिता और कुशलता के साथ करें, ताकि गौवंश की देखभाल में कोई कमी न आए।

****************************************************************

करनाल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत तेजी से तरक्की कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि अंतरिक्ष का विषय काफी विस्तृत है। आर्यभट्ट ने 15 सौ साल पहले बता दिया था कि धरती गोल है और यह सूर्य का चक्कर लगाती है। आज हमारे देश के वैज्ञानिक बड़े बेहतर तरीके से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

इस मौके पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि यह राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस केवल उत्सव नहीं, भारत के वैज्ञानिक सामर्थ्य, तकनीकी प्रगति और भविष्य के सपनों का प्रतीक भी है। दुनिया में करनाल की पहचान अंतरिक्ष नायिका कल्पना चावला के नाम से भी है।

*************************************************************